# फिनटेक शिक्षा और नवप्रवर्तन को बढ़ावा

**स्रोत: पी.आई.बी.**

भारत सरकार और **एशियाई विकास बैंक** ने **गुजरात इंटरनेशनल फाइनेंस टेक-सिटी (गिफ्ट-सिटी)** में गुणवत्तापूर्ण फिनटेक शिक्षा, अनुसंधान तथा नवाचार तक पहुँच बढ़ाने के लिये 23 मिलियन अमेरिकी डॉलर के ऋण समझौते पर हस्ताक्षर किये हैं।

- यह परियोजना फिनटेक शिक्षा को मज़बूत करने, स्टार्टअप सफलता दर को बढ़ावा देने और फिनटेक अनुसंधान तथा नवाचार को बढ़ावा देने के लिये एक **अंतर्राष्ट्रीय फिनटेक संस्थान (International Fintech Institute- IFI)** की स्थापना करेगी।
    - समग्र विकास के लिये **बाज़ार-संचालित फिनटेक कौशल कार्यक्रमों**, निजी क्षेत्र के निवेश और उद्योग, संस्थानों तथा भागीदारों के बीच सहयोग पर ज़ोर दिया जाएगा।
    - IFI अंतर्राष्ट्रीय मानकों को पूरा करने और नवप्रवर्तन तथा उद्यमिता का समर्थन करने वाले उद्योग-संरेखित फिनटेक प्रशिक्षण कार्यक्रमों की पेशकश करेगा।
- ADB कार्यक्रम नए समाधान और राज्य फिनटेक तत्परता सूचकांक विकसित करने के लिये **जलवायु फिनटेक, नियामक प्रौद्योगिकी, सामाजिक समावेशन तथा वित्त में लैंगिक समानता** में अनुसंधान का समर्थन करेगा।
- **GIFT सिटी** एक व्यापारिक ज़िला है और भारत में पहला परिचालन **ग्रीनफील्ड स्मार्ट सिटी** है। यह **गुजरात में साबरमती नदी के किनारे** पर स्थित है।
    - यह अग्रणी वैश्विक वित्तीय केंद्रों के बराबर या उससे ऊपर एक अनुकूल व्यावसायिक पारिस्थितिकी तंत्र प्रदान करने के लिये इच्छुक है।
    - **इसमें एक बहु-सेवा** विशेष आर्थिक क्षेत्र **शामिल है जिसमें** भारत का पहला अंतर्राष्ट्रीय वित्तीय सेवा केंद्र **और एक विशेष घरेलू टैरिफ क्षेत्र (DTA) है।**

**और पढ़ें: एशियाई विकास बैंक, गुजरात इंटरनेशनल फाइनेंस टेक-सिटी (गिफ्ट-सिटी), विशेष आर्थिक क्षेत्र**

PDF Refernece URL: https://www.drishtiias.com/hindi/printpdf/boosting-fintech-education-and-innovation